an>

Title: Need to extend the dam on river Kosi in Supaul and Madhubani districts to Saharsa district in Bihar.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : कोशी नदी नेपाल के बारह क्षेत्र से शुरू होकर भीमनगर कोशी बैराज के पास भारत की सीमा में प्रवेश करते हुए सुपौल, मधुबनी, सहरसा, दरभंगा, खगड़िया, मधेपुरा होते हुए कटिहार जिला के केरसैला के पास गंगा नदी में मिलती है। उक्त नदी पर एक सुरक्षा बांध सुपौल जिला के सिकरहट्टा मझारी से मधुबनी जिला सीमा तक बना हुआ है एवं इस सुरक्षा बांध पर पक्कीकरण भी कर दिया गया है, जिससे उक्त क्षेत्र में बाढ़ से सुरक्षा के साथ-साथ आवागमन भी होता है। यदि इस बांध को मधुबनी सीमा के गढ़गांव, बसीपट्टी, महेसा, सोनबरसा होते हुए सुपौल जिला के गोनवा सिमराहा, सहरसा जिला के देवका, झरवा, परताहा, बड़हारा, डरहार, नौला, लालपुर, सतौर, कुन्दह, बलिया, सीमर होते हुए प्राणपुर के पास राज्य उच्च पथ में मिला दिया जाता है तब इसके बीच में अवस्थित लोगों के जानमाल की बाढ़ से सुरक्षा के साथ-साथ आमजनों को आवागमन की भी सुविधा मिल जायेगी एवं प्रति वर्ष हजारों एकड़ जमीन में लगी फसलों को भी सुरक्षा मिलेगी, जिससे यहां के किसान खुशहाल होंगे।

अतः सरकार से मांग है कि इस अति महत्वपूर्ण सुरक्षा बांध का विस्तार मधुबनी जिला सीमा के गढ़गांव से लेकर सहरसा जिला के महिषी प्रखंड के प्राणपुर के पास राज्य उच्च पथ तक करवाकर बांध का पक्कीकरण करवाया जाये ताकि बाढ़ से सुरक्षा के साथ-साथ आवागमन की भी सुविधा मिलेगी।